पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश

कार्पस फण्ड बना कर केसरवानी समाज के लोगों को बिना ब्याज के दी जाएगी आर्थिक मददः नन्दी

केसरवानी समाज प्रयागराज के होली मिलन समारोह में मंत्री नन्दी ने समाज की मजबूती पर दिया बल

समाज के लोगों ने एक–दूसरे को अबीर गुलाल लगा कर दी शुभकामनाएं

लखनऊ : 03 अप्रैल, 2023

उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी रविवार की देर शाम बहादुरगंज स्थित ठाकुरदीन का हाता में केसरवानी समाज प्रयागराज के होली मिलन समारोह में सम्मिलित हुए। जिसमें मंत्री नन्दी ने समाज के लोगों को अबीर–गुलाल लगाकर रंगोत्सव के पर्व होली की शुभकामनाएं दी। मंत्री नन्दी ने समाज के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को मजबूत बनाने पर बल दिया। उन्होंने समाज के लोगों से कार्पस फण्ड बना कर आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को बिना ब्याज के धन उपलब्ध कराने की बात कही।

मंत्री नन्दी ने कहा कि किसी भी समाज की मजबूती के लिए एकजुटता के साथ ही शिक्षा बहुत जरूरी है। इसलिए समाज के बुद्धिजीवियों व आर्थिक रूप से मजबूत लोगों की ये जिम्मेदारी है कि वे एकजुट होकर आगे आएं और आर्थिक रूप से कमजोर केसरवानी समाज के लोगों की मदद करें। ताकि वे अपने पैरों पर खड़े हों सके, जिसके लिए उन्हें उधार के साथ ही ब्याज का बोझ न झेलना पड़े। मंत्री नन्दी ने कहा कि समाज के प्रतिष्ठित लोगों की मदद से एक मजबूत कार्पस फण्ड बना कर केसरवानी समाज के लोगों को बिना ब्याज पर आर्थिक मदद मुहैया कराई जाएगी।

मंत्री नन्दी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतत्व में उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बना है, वहीं अब सर्वोत्तम प्रदेश और वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी वाला प्रदेश बनने की ओर तीव्र गति से अग्रसर है। जिसके लिए समाज के सभी वर्ग के लोगों की हिस्सेदारी और जिम्मेदारी आवश्यक है।

प्रयागराज की महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी ने भी समाज की मजबूती और एकजुटता पर बल दिया। इस अवसर पर शहर उत्तरी विधायक हर्ष वर्धन बाजपेयी, महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी जी, वरूण केसरवानी, अनिल कुमार गुप्ता अन्नू भैया, अरूण केसरवानी, ठाकुरदीन केसरवानी ट्रस्ट के मंत्री सुनील कुमार केसरवानी, प्रबन्धक आलोक केशरी, जय गुप्ता, दिनेश केसरवानी, दिलीप केसरवानी, राजेश केसरवानी, अर्चना केसरवानी, उपाध्यक्ष अनिल केसरवानी झल्लर, दिनेश केसरवानी, राजेंद्र केसरवानी, हरिश्चंद्र भाई जी, विजय वैश्य, संजय गुप्ता, श्रीनाथ केसरवानी, भगवान केसरवानी, कुंवर जी केसरवानी, कन्हैया लाल गुप्ता जी, श्रीमती स्वाती गुप्ता जी, श्रीमती रूचि गुप्ता जी, श्रीमती ममता केसरवानी जी, श्री विजय केसरवानी रूई आदि उपस्थित रहे।

सम्पर्क सूत्र–रेहान अब्बास

राम यतन / 06:30 PM

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0: 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com
वेबसाइट :www.information.up.gov.in